डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 117 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 09 फरवरी 2025 | मूल्य 2 रुपया




## अगले सप्ताह बारिश के आसार



**मंदसौर, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** उत्तरी क्षेत्र की बर्फबारी और ठंडी हवाओं का असर अंचल में जारी है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार से मौसम में बदलाव की शुरुआत होगी और आने वाले दिनों में तापमान में वृद्धि की संभावना है। वर्तमान में जिले का अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि जल्द ही प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है।

वहीं, अगले सप्ताह 13 से 15 फरवरी के बीच आसमान में बादल छाए रहने की भी संभावना है। शनिवार को मौसम सर्द रहा और ठंडी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ाई। लेकिन, रविवार से राहत मिलने की उम्मीद है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार, वेस्टर्न डिस्टरबेंस के प्रभाव से दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी देखी जा सकती है।

## इस जहर को तो जहर ही काटेगा...

शिवाजी सावंत की कालजयी कृति 'मृत्युंजय' में एक प्रसंग उस समय का है, जब सूर्य पुत्र कर्ण को अर्घ्य देने के लिए सूर्य के दर्शन नहीं हो पा रहे थे। सूरज की पूजा कर्ण के जीवन का अनिवार्य नियम है और इसलिए वह पूरे धीरज के साथ लंबे समय तक अपने देवता के दर्शन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस बीच हस्तिनापुर के दरबार में द्रोपदी का चीर हरण हो चुका है। शायद सूर्य नहीं चाहते थे कि उनका बेटा इस कलंकित प्रसंग का साक्षी बने।



प्रकाश भटनागर

इस अध्याय के फ्रेम में दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे देखिए। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका वाड्रा को सुबह 10 बजे तक समय ही नहीं मिला कि वो नतीजों के बारे में कोई जानकारी लें। यह देखें कि किस तरह एक बार फिर दिल्ली में उनकी पार्टी का चीर हरण शुरू हो चुका है। किस तरह उसकी आशाओं का सूर्य उदित होने से पहले ही अस्त हो गया है। कर्ण को सूर्योदय का विश्वास था। इसलिए वह उस जलराशि में धैर्य के साथ खड़े रहे। लेकिन, शायद श्रीमती वाड्रा को भी पक्का यकीन था कि नतीजों का गोल सूरज निकलने की जगह निराशा वाला खाली गोला ही उनके हिस्से आएगा, इसलिए उन्होंने हालात से आंख मूंदे रखना ही बेहतर समझा होगा। अब इसी फ्रेम में भाजपा को रखिए। दिल्ली में लगातार दो बार अपनी आशाओं के सूरज पर ग्रहण लगने के बाद भी भाजपा उस प्रतिकूल बहाव वाले पानी में पूरी ताकत के साथ खड़ी रही। अंततः 27 साल बाद उसके लिए सूर्योदय हो ही गया है। बीते दो विधानसभा चुनाव में लगातार मिली हार के बाद भी नरेंद्र मोदी सहित पार्टी के एक-एक नेता ने यहां तीसरी बार भी पूरी ताकत झोंकी। नतीजा सामने है।

ये नतीजे लगातार तीसरी बार जीरो पर ठहर गई कांग्रेस के लिए फिर फिक्र के साथ जिक्र करने का सबब बन गए हैं। आम आदमी पार्टी कोई बहुत बड़ा दल नहीं है। वह कभी भी अपनी ताकत से आगे नहीं बढ़ी। चुनांचे, उसने वही किया, जो कमजोर करते हैं। हर किस्म का प्रपंच रचा। झूठ और फरेब की सियासत को अपना मजहब बना लिया। वैकल्पिक राजनीति का विश्वास जगाकर उसकी हत्या की। उसने दिल्ली सहित पंजाब या गुजरात में कांग्रेस की कमजोरी के बूते ही सफलता हासिल की। देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस की यह विडंबना है कि वो ठीक से बैसाखी भी नहीं बन पा रही है। कांग्रेस का सारा ध्यान अपने अतीत को भूलाकर वर्तमान में सिर्फ इस पर ठहरा हुआ है कि कैसे भी हो भाजपा या मोदी को हराया जाए। नतीजे उसे रसातल में पहुंचा रहे हैं। उत्तरप्रदेश में जब इस दल ने समाजवादी पार्टी से हाथ मिलाया तो भी उसके पंजे को सफलता वाली भाग्य रेखाओं का सौभाग्य नहीं मिल सका। बिहार से लेकर महाराष्ट्र में भी उसने अन्य दलों का हाथ थामा और अपने हाथ में सांत्वना पुरस्कार से भी कम सीटें ही पा सकी। तो जब ये बार-बार साबित हो रहा है कि भाजपा से मुकाबले (जीतना तो बहुत दूर की बात है) के लिए कांग्रेस किसी अन्य पार्टी का साथ लेने से भी कामयाब नहीं हो सकती है, तो फिर ये दल दिल से अपनी इस हालत की तरफ ध्यान क्यों नहीं देता है? क्यों नहीं इस पार्टी को समझ आ रहा है कि खुद को मजबूत कर खुद के पांव पर खड़े हुए बगैर उसके लिए अपनी खोई ताकत को फिर से पाना नामुमकिन हो चुका है? क्या इस सच के आईने को देखने से पार्टी केवल इसलिए डर रही है कि उस आईने में आज वाले गांधी-नेहरू परिवार का काला प्रतिबिंब भी दिख जाएगा?

आज की कांग्रेस की समस्या यह भी कि वह चुनाव नहीं लड़ती, वो भाजपा से लड़ती है। जबकि भाजपा पूरे समय इलेक्शन मोड में रहती है और कांग्रेस सहित एक-एक विरोधी के खिलाफ वह किन्हीं भी हालात में मुंह नहीं मोड़ती। वरना कोई वजह ही नहीं थी कि कांग्रेस किसी समय के अपने मजबूत गढ़ वाले उत्तरप्रदेश से लेकर बिहार, मध्यप्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में जर्जर भवन में तब्दील हो जाती।

अब क्या होगा? शायद यही कि दिल्ली में कांग्रेस के कुछ स्थानीय जिम्मेदारों को सियासी मृत्युदंड दे दिया जाए। लेकिन, यह तो नहीं ही होगा कि दंड के वो असली भागी चिन्हित किए जाएं जो पार्टी के घोषित/अघोषित नेतृत्व के नाम पर उसे लगातार पराजय वाले दंश ही दे रहे हैं। कांग्रेस बीमार का इलाज करती है, बीमारी का नहीं और यही रीति-नीति आज वाली कांग्रेस के लिए नासूर बन चुकी है। दिल्ली में एक बार फिर इसी नासूर से मवाद बहा है और जिनके पास इस मर्ज की दवा है, वो खुद ही लुंज-पुंज हालत में बीमार हैं। यमुना का पानी भले ही जहरीला न हो, लेकिन कांग्रेस के भीतर जहर की जो नदी पूरे उन्माद के साथ बह रही है, उसे इस दल के वर्तमान कर्ताधर्ताओं के उन्माद पर चीरा लगाकर ही ठीक किया जा सकता है। जहर को जहर ही काटता है। इस दल को यदि मृत्युंजय बनना है तो अपने ऊपर से मृत्यु के कारकों को उसे खींचकर नीचे गिराना ही होगा।

## काले सोने पर मंडराता मौसमी खतरा...

# अब हवा दे रही तनाव..!



## पौधों की सुरक्षा को लेकर जुगत में किसान

**मंदसौर, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में कई जगहों पर अफीम काली मस्सी के रोग से ग्रसित हो रही है। इधर अब हवा की गति काले सोने और इसे उगाने वाले किसानों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। दरअसल तेज हवाओं के चलते अफीम के पौधे झूकने का खतरा बढ़ रहा है। ऐसे में जुगत लगाकर इस समस्या से निजात पाने की कोशिश में किसान लगा हुआ है। पिछले तीन -चार दिनों से मौसम में बदलाव आया है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। आसमान पर छाए बादलो और जमीन पर बढ़ते तापमान के साथ बढ़ रही गर्मी से अफीम के उत्पादन पर असर होने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसी कारण किसान चिंता में है।

इन दिनों किसान अफीम फसल को लेकर चिंता में है। अफीम पर सफेद फूल आने के साथ किसानों की परेशानियां बढ़ गई है। आगामी 20 से 25 दिनों में अफीम के डोडे पर चीरा लगाने का काम शुरू हो जाएगा। वर्तमान में तेज हवाएं चलना शुरू हो गई है। इसके चलते अफीम के पौधें झूके नहीं इसलिए किसानों ने अफीम के खेत में ही रस्सी का जाल बनाकर पौधों को इस तरह इसमें बांधा है कि पौधें तेज हवा में भी झूके नहीं। सुरक्षा के साथ पौधों को खड़ा रखने में भी किसान कड़ी मशक्कत कर रहे है। पौधों को बांधने के लिए भी किसानों को मजदूर करना पड़ रहे है।

### दस आरी में 40 हजार तक खर्च...

काला सोना कही जाने वाली अफीम फसल योवन पर आने लगी है। फसल में फूल के साथ डोड़े भी आने लगे है। कई किसानों की अफीम फसल में फूल आने के बाद फसल के ऊपर चारो और सफेद फूल की महक आ रही है। आने वाले दिनों में चीरा लगाने का काम शुरू होने वाला है। ऐसे में अफीम की सुरक्षा के लिए किसान खेतों पर ही रात दिन जुटे हुए है। अफीम की फसल पर मौसम का असर दिखने लगा है। रोगों का असर दिख रहा है। किसान अफीम फसल की 7 से 8 बार सिंचाई कर चुका है और अभी दो से तीन बार और सिंचाई की जाएगी। इसके बाद लुनाई चिराई शुरू होगी। हालाकि अभी भी जिन किसानों ने देरी से बोवनी की थी, उनकी फसलों पर फूल नहीं आए है। इसमें अधिकांश सीपीएस पट्टेधारी किसानों की संख्या है। किसानों ने बताया कि 10 आरी रकबा में खाद, बीज, दवाई सहित अन्य खर्च मिलाकर 35 से 40 हजार से भी ज्यादा खर्च आता है।

### लकड़ियों की सहायता से खेत में बनाया जा रहा जाल...

किसानों ने बताया कि चीरा लगाने के समय पश्चिमी हवाएं चलती हैं। इस कारण फसल झुके नहीं, इसलिए खेत के अंदर रस्सी का जाल बनाकर पौधों को इससे बांधा जा रहा है। लकड़ियों की सहायता से खेत के अंदर यह जाल तैयार किया जा रहा है। सफेद फूल आने के साथ ही पौधों को बांधने का काम शुरू कर दिया है। किसानों ने बताया कि अंचल में रोजड़ो का आतंक ज्यादा बढने की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तो वही रात दिन खेतों पर ही रहना पड़ रहा है। अफीम फसल पर क्षतिपूर्ति का मुआवजा भी नहीं मिलता है। ऐसे में नुकसानी पर पट्टा बचाना व औसत पूरी करना भी मुश्किल हो जाता है। इसलिए दिन-रात खेंतो पर ही रात रहकर अफीम की सुरक्षा से लेकर आगामी एक माह खेत पर बीताना पड़ेगा। नीलगाय से सुरक्षा के लिए किसानों ने खेत के चारों और जाल लगाकर दीवार तैयार कर दी है।

## मासूम के साथ दुष्कृत्य का मामला...

# दोनों आरोपियों की सजा को सुप्रीम कोर्ट ने किया रद्द

### कहा-मुकदमे की प्रक्रिया में अनुचित जल्दबाजी दिखाई गई



**मंदसौर, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सुप्रीम कोर्ट ने मंदसौर में तीसरी कक्षा में पढने वाली मासूम से सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में आरोपियों की फांसी की सजा को रद्द कर दिया। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि वैज्ञानिक विशेषज्ञों की गवाही/परीक्षण किए बगैर सिर्फ डीएनए रिपोर्ट पर भरोसा करने से न सिर्फ न्याय की विफलता हुई है, बल्कि इससे मुकदमे की प्रक्रिया भी प्रभावित हुई।

जस्टिस विक्रम नाथ, संजय करोल और संदीप मेहता की पीठ ने आरोपियों को दी गई फांसी की सजा को रद्द करते हुए, इस मामले को दोबारा से सुनवाई के लिए निचली /विशेष अदालत में भेज दिया है। पीठ ने अपने फैसले में कहा है कि तथ्यों से जाहिर होता है कि मामले में आरोपियों को अपना बचाव करने का पर्याप्त मौका दिए बगैर दो माह से भी कम समय में मुकदमे का ट्रायल/सुनवाई पूरा कर लिया गया। पीठ ने कहा है कि इससे जाहिर होता कि मुकदमे की प्रक्रिया में अनुचित जल्दबाजी दिखाई गई। शीर्ष अदालत ने कहा है कि चंकि मौजूदा मामले में मौत की सजा शामिल है। इसलिए, आरोपियों को बचाव करने का उचित मौका देना बहुत जरूरी है और इस मसले पर कोई समझौता नहीं किया जा सकता।

पीठ ने फैसले में कहा है कि हम सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद अपीलकर्ताओं को दी गई फांसी की सजा को रद्द करते हैं और इस मामले को दोबारा मामला ट्रायल कोर्ट को वापस भेजा जाता है। पीठ ने विशेष अदालत द्वारा फांसी की सजा देने और बाद में उच्च न्यायालय द्वारा इसे बहाल रखने के फैसले के खिलाफ इरफान उर्फ भय्यू मेवाती और आसिफ मेवाती की ओर से दाखिल अपीलों को स्वीकार करते हुए यह फैसला दिया है। इस मामले को दोबारा ट्रायल का आदेश देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने विशेष अदालत को डीएनए रिपोर्ट की तैयार करने और इसे जारी करने वाले वैज्ञानिक विशेषज्ञों को संपूर्ण सहायक सामग्री के साथ कोर्ट में गवाही के लिए बुलाया जाए। पीठ ने कहा है कि नामले में संबंधित वैज्ञानिक विशेषज्ञों को गवाही देते और उनसे जिरह के लिए अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष दोनों को उचित अवसर दिया जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि यदि आरोपियों का प्रतिनिधित्व उनकी पसंद के वकील द्वारा नहीं किया जाता है, तो सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के संदर्भ में पर्याप्त अनुभव रखने वाले बचाव पक्ष के वकील को अभियुक्तों का बचाव करने और नए सिरे से मुकदमे में शामिल होने के लिए नियुक्त करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने डीएनए रिपोर्ट तैयार करने वाले विशेषज्ञों की गवाही के बाद, आरोपियों से नए साक्ष्य के संदर्भ में सीआरपीसी की धारा 313 के तहत दोबारा से बयान दर्ज किए जाएं। पीठ ने कहा है कि इसके बाद दोनों पक्षों की बहस को सुनने के बाद विशेष अदालत में तथ्यों, साक्ष्यों के आधार पर अपना फैसला करें। पीठ ने निचली अदालत को चार माह के भीतर मामले की दोबारा से सुनवाई पूरी करने को कहा है।

**यह है मामला...**

मंदसौर में 26 जून 2018 को एक महिला ने शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था कि तीसरी कक्षा में पढने वाली उसकी पोती स्कूल से घर नहीं आई। अगले दिन पुलिस को एक जगह पर बच्ची घायल अवस्था में मिली। इलाज के बाद पुलिस ने इस मामले में इरफान और आसिफ के खिलाफ आईपीसी की धारा 363, 366ए, 307 और 376 डीबी और यौन उत्पीडन से बच्चों के संरक्षण के लिए बने कानून पॉक्सो के तहत मुकदमा दर्ज किया। इस मामले में विशेष अदालत ने 02 माह से भी कम समय में आरोपियों को दोषी ठहराया। साथ ही आईपीसी की धारा 376 (डीबी) (बारह वर्ष से कम उम्र की बच्ची से सामूहिक बलात्कार के लिए सजा) के तहत अपराध के संबंध में, अपीलकर्ताओं को फांसी की सजा दी थी। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने भी अपीलकर्ताओं की सजा की पुष्टि की थी। इसके खिलाफ अपीलकर्ताओं ने सुप्रीम में अपील दाखिल की थी।

## धोखाधड़ी के आरोपी हाड़ा बंधु गिरफ्तार

### दोनो भाईयों पर था पांच-पांच हजार का इनाम

**मंदसौर, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** यशोधर्मन नगर थाना पुलिस ने सहकारी संस्था के नाम पर करोड़ो रुपए की धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे दो भाइयों को गिरफ्तार किया है।

वायडी नगर थाना पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों पर 5-5 हजार रुपए का इनाम घोषित था। मामला बीती 20 जनवरी 2025 का है, जब उपायुक्त सहकारिता कार्यालय के रामप्रसाद कुमावत ने धोखाधड़ी का आवेदन दिया था। जांच में पाया गया कि अरोरा कॉलोनी संजीत नाका निवासी आशिष और अंकित हाड़ा पिता छगनलाल हाड़ा ने सहकारी सोसाइटी अधिनियम का उल्लंघन कर बड़ी धोखाधड़ी की।

थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप मंगोलिया की टीम ने मुखबीर सूचना पर 07 फरवरी को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों से करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी के संबंध में पूछताछ कर रही है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक विनय बुंदेला, कपिल सौराष्ट्रीय, प्रधान आरक्षक दिनेश धाकड़ और थाना वायडी नगर की टीम का योगदान रहा।

## अफीम तस्कर को तीन साल का कठोर कारावास

**मंदसौर, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट मंदसौर द्वारा आसिफ पिता हकीम खान पठान उम्र 28 वर्ष निवासी गोर्धनपुरा थाना हथुनिया जिला प्रतापगढ़ राजस्थान को अफीम तस्करी करने के अपराध में दोषी पाते हुए 03 वर्ष के कठोर कारावास एवं 25 हजार रूपये जुर्माने से दण्डित किया गया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा यह जानकारी दी गई। उन्होंने घटना के संबंध में बताया कि 27 नवंबर 2017 को पुलिस थाना नारकोटिक्स सेल इंदौर प्रकोष्ठ मंदसौर के निरीक्षक डीव्हीएस नागर को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि आसिफ पिता हकीम खान पठान शाम करीब 6 बजे 500 क्वार्टर रोड आदित्य पब्लिक स्कूल के सामने किसी व्यक्ति को स्मैक देने वाला है, जो कि नई उम्र का लड़का है एवं नीला टीशर्ट व खाकी रंग का पेंट पहने है तथा उसके... शेष पेज 4 पर

## शराब बेचने की बात पर मारपीट का मामला दर्ज

**मंदसौर, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शराब बेचने की बात को लेकर युवक से मारपीट की गई। मामले में भानपुरा थाना पुलिस ने तीन आरोपियों पर प्रकरण दर्ज किया। भानपुरा पुलिस के अनुसार मामला कोटड़ी टैंक यात्री प्रतीक्षालय के पास का है। ग्राम श्रीनगर निवासी राकेश गायरी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि शराब बेचने की बात को लेकर भानपुरा निवासी भंवर सिंह चंद्रावत, चंचल भारती, बंटी बन्ना ने रास्ता रोककर मारपीट की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

अंतिम यात्रा



अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता है कि स्वर्गीय उषा ताई निसालकर के बड़े बेटे प्रदीप के बड़े भाई बलांश के बड़े पापा

**श्री दीपक निसालकर जी**

का स्वर्गवास हो गया है, जिनकी **अंतिम यात्रा**

दिनांक 09 फरवरी 2025 रविवार को उनके निज निवास बालागंज, मंदसौर से प्रातः 10.30 बजे निकलेगी।

- : शोकाकुल : -

प्रदीप, बलांश निसालकर , परिवार, मंदसौर

# भाजपा ने दिल्ली राज्य का चुनाव अपनी सांगठनिक योजना से जीता...

**मंदसौर/उज्जैन, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** देश के सभी राजनीतिक दलों के मुकाबले भाजपा का संगठन कौशल दिल्ली राज्य के चुनाव को जीतने में फिर सतह पर नजर आया। दिल्ली विधानसभा के बीते तीन चुनाव में आप पार्टी ने पूरे देश के राजनीतिक दलों में डंका बजाए रखा था। यह सब ने देखा और अब यह भी देखना पड़ रहा है कि आप पार्टी दिल्ली राज्य में 62 से घटकर 22 पर आ गई है। सीधे-सीधे 40 सीटो का नुकसान हुआ है।

इधर हरियाणा की तरह दिल्ली में भी भाजपा ने दूरदर्शी योजना बनाई थी। जैसे हरियाणा में सिरसा सीट से भाजपा ने अपने घोषित प्रत्याशी का नाम वापस लेकर राजनीतिक जगत को अचंभित कर दिया था, विपक्षी दल भी भ्रमित हो गए थे। इसी भ्रम ने भाजपा को बढ़त दिला दी थी। इसी तरह दिल्ली से लोकसभा चुनाव लड़े पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा को बीते लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी न बनाकर सभी दलों को हतप्रभ कर दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने की योजना का मुख्य सारथी बनाकर विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया था। आज दिल्ली के नतीजे में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हराकर पार्टी को बहुमत दिलाकर चुनाव जीत चुके हैं।



चन्द्रमोहन भगत

भाजपा संगठन की गोरिल्ला चुनाव नीति के चलते आप पार्टी के अति शिक्षित दंभी नेताओं को पता ही नहीं चला कि कब भाजपा की गुगली बॉल ने चुनावी मैदान पर टप्पा खाया और आप पार्टी के डंडे बिखेर दिए। ऐसे बिखेरे कि आप के सिरमौर नेता संपट ही भूल गए कि अब दिल्ली वासियों के सामने किस हैसियत से खड़े होंगे! राजनीतिक दलों में एकमात्र आप पार्टी ही थी जो एक आंदोलन से उपजी और बगैर विचारधारा के बगैर जन सेवा के आधार पर दिल्ली जैसे राज्य पर कब्जा जमाया था। कहा जा सकता है कि इंडिया अगेंस्ट करप्शन जैसे अन्ना हजारे के आंदोलन को अपनी व्यावसायिक बुद्धिमानी से भूनाने वाले सभी बड़े आप पार्टी के नेताओं को मुंह की खाना पड़ी है।

जिस गति से अरविंद केजरीवाल देश की राजनीति में उभरे थे और जिस गति से आप पार्टी को स्थापित करने वाले अपने समकक्ष साथियों को ही हाशिए पर धकेलते गए। जिस हिटलर शाही की तरह एक छत्र राज करते हुए पार्टी को चलाते रहे थे। उसी गति और घनत्व से जनमत ने केजरीवाल सरकार को सत्ता से धकिया दिया है। केजरीवाल की सादगी भरा गैराज में रहने का दिखावा और शीश महल जैसा आवास, और वैगन आर जैसे वाहन के बदले लग्जरी कार का उपयोग मतदाताओं पर गहरी चोट कर गया। इसी बात ने नतीजा ही उलट दिया। केजरीवाल के लग्जरी अवतरण के लिए किसी शायर ने ठीक ही कहा है कि...

**जरूरतों ने हमारा जमीर ही चाट लिया।**
**वऱ्ना कायल ए रिज्क ए हलाल थे हम भी ॥**




# विजय-प्रीतेश ने बहाया पसीना, सतीश ने हासिल की विजय श्री

## अठवाल-चावला के मैनेजमेंट से खिला मालवीय नगर विधानसभा में कमल

**मंदसौर, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** दिल्ली विस चुनावों में मालवीय नगर विस सीट पर मंदसौर के भाजपा नेता विजय अठवाल एवं प्रितेश चावला का चुनावी मैनेजमेंट फंडा तगड़ा काम आया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा और संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के नेतृत्व और निर्देशानुसार मप्र से कुछ चुनिंदा भाजपा नेताओं को दिल्ली की मालवीय नगर विस सीट पर चुनावी मैनेजमेंट संभालने के लिए चयन किया गया था। उसमें मंदसौर से विजय अठवाल एवं प्रितेश चावला भी शामिल थे।

दिल्ली चुनावों में भाजपा ने लंबे सूखे के बाद आखिरकार जीत का परचम फहराया। इसी जीत में दिल्ली की मालवीय नगर विस सीट भी भाजपा के खाते में गई। जिस पर भाजपा के सतीश उपाध्याय चुनाव जीते। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि सतीश उपाध्याय मप्र के भाजपा सहप्रभारी थे। यहीं कारण रह कि मप्र के कुछ चुनिंदा भाजपा नेताओं को मालवीय नगर विस की जिम्मेदारी सौंपी गई। इन चुनिंदा कार्यकर्ताओं में मंदसौर से भाजपा नेता विजय अठवाल एवं प्रितेश चावला भी शामिल थे। विस चुनाव के दौरान मालवीय नगर विस के भाजपा उम्मीद्वार सतीश उपाध्याय के समर्थन में विजय अठवाल एवं प्रितेश चावला ने वहां के स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर भाजपा की जीत के लिए दिन रात एक कर दिए। एक रणनीति के तहत योजनाबद्ध तरीके से सतीश उपाध्याय के समर्थन में प्रचार-प्रसार किया गया। इसी का परिणाम रहा कि सतीश उपाध्याय अच्छे खासे मतों से विजय रहे। आपको बता दे कि विजय अठवाल छात्र राजनीति से ही मैनेजमेंट गुरु के रूप में जाने जाते है साथ ही प्रितेश चावला के पिता भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री कैलाश चावला को भी चुनावी मैनेजमेंट के लिए पहचाना जाता था। इसी के चलते कई महत्वपूर्ण चुनावों में न सिर्फ उन्होंने जीत हासिल की, बल्कि कई चुनावों में भाजपा की जीत में महत्वपूर्ण रोल अदा किया। इधर युवाओं में पैठ रखने वाले प्रितेश चावला रेडक्रॉस चेयरमेन के तीन चुनाव लगातार जीते हैं। इसके अलावा वर्तमान में उनकी धर्मपत्नी नम्रता चावला नपा उपाध्यक्ष है। उन्होंने जिस वार्ड से भाजपा के लिए विजयश्री प्राप्त की, उस पर बाईस सालों से कांग्रेस का ही कब्जा था। कुल मिलाकर चुनावी मैनेजमेंट की क्षमता का परिचय रखने वाले विजय अठवाल एवं प्रीतेश चावला ने एक बार फिर दिल्ली चुनाव में मंदसौर का नाम गौरवान्वित किया।

# जलजीवन मिशन के तहत पानी की गुणवत्ता को लेकर सांसद गुप्ता ने लोकसभा में किया प्रश्न

**मंदसौर, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत आपूर्ति किए जाने वाले पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सांसद सुधीर गुप्ता ने लोकसभा में प्रश्न किया। सांसद गुप्ता ने कहा कि जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत आपूर्ति किए जाने वाले पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित जांच और सुधार उपायों के संबंध में राज्यों को नई कार्यपद्धति जारी की है। इसी के साथ ही सरकार के निर्धारित मानकों के तहत पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए श्री वी. के. माधवन की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ समिति ने अपनी रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंप दी है। देश में योजना के तहत घरों में गुणवत्तापूर्ण पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या उपाय किए गए हैं।



प्रश्न के जवाब में जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने बताया कि राज्य पीएचईडी 2,162 जल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं (1,580 एनएबीएल मान्यता प्राप्त/मान्यता प्राप्त) का नेटवर्क संचालित करते हैं। मिशन ने सभी प्रयोगशालाओं की एनएबीएल मान्यता/मान्यता पर ध्यान केंद्रित किया है, क्योंकि इससे परीक्षण डेटा, कार्य करने वाले कर्मियों और प्रयोगशालाओं की प्रशिक्षण रिपोर्ट में विश्वास बढ़ेगा। उन्होने बताया कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने 30 दिसंबर, 2024 को ग्रामीण परिवारों को पाइपगत पेयजल आपूर्ति की जल गुणवत्ता की निगरानी के लिए संक्षिप्त पुस्तिका जारी की है, जिसे अपर सचिव और मिशन निदेशक (एनजेजेएम) की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति द्वारा तैयार किया गया था, जिसमें वाटर एड के श्री वी. के. माधवन समिति के सदस्यों में से एक थे। इस हैंडबुक को सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) में साझा किया गया है और इलेक्ट्रॉनिक कॉपी विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। उन्होने बताया कि जल राज्य का विषय होने के कारण जल जीवन मिशन के अंतर्गत आने वाली स्कीमों सहित पेयजल आपूर्ति स्कीमों की आयोजना, अनुमोदन, कार्यान्वयन, प्रचालन और रखरखाव का उत्तरदायित्व राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों का है। भारत सरकार तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों की सहायता करती है। जल जीवन मिशन के तहत, मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार, पाइप जलापूर्ति योजनाओं के माध्यम से आपूर्ति किए जा रहे जल गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो के प्रकाशन बीआईएस: 10500 को बेंचमार्क के रूप में अपनाया गया है। इसके अतिरिक्त, प्रचालनात्मक दिशा-निर्देशों के अनुसार, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र जल गुणवत्ता अनुवीक्षण एवं निगरानी (डब्ल्यूक्यूएम एंड एस) गतिविधियों के लिए जेजेएम के अंतर्गत निधियों के अपने वार्षिक आबंटन के 2: तक का उपयोग कर सकते हैं, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ जल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना और सुदृढ़ीकरण, उपकरणों, उपकरणों, रसायनों, कांच के बने पदार्थों, उपभोज्य वस्तुओं की खरीद, कुशल जनशक्ति को किराए पर लेना, क्षेत्र परीक्षण किटों (एफटीके) का उपयोग करके समुदाय द्वारा निगरानी करना शामिल है। जागरुकता सृजन, जल गुणवत्ता संबंधी शैक्षिक कार्यक्रम, प्रयोगशालाओं का प्रत्यायन/मान्यता आदि भी विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे हैं। राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को जल गुणवत्ता के लिए पानी के नमूनों का परीक्षण करने और पेयजल स्रोतों के नमूना संग्रह, रिपोर्टिंग, निगरानी और निगरानी के लिए सक्षम बनाने हेतु, एक ऑनलाइन जेजेएम जल गुणवत्ता प्रबंधन सूचना प्रणाली (डब्ल्यूक्यू एमआईएस) पोर्टल विकसित किया गया है।

### साइबर अपराधियो से बचने के लिए विद्यार्थियों को दी जानकारी

**पिपलियामंडी, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद के निर्देशानुसार साइबर अपराधियों से बचने के लिए ग्राम पंचायत पिपलिया रायसिंह अन्तर्गत ढाणी में हीरालाल रेबारी ने शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों को साइबर अपराध से बचने की जानकारी देकर कहा कि आपके पास किसी अनजान व्यक्ति का कॉल आए और आपसे कहे की में बैंक से बोल रहा हूं और आपके अकाउंट की जानकारी, एटीएम कार्ड की पिन नंबर मांगे तो न बताए, यह लोग सायबर अपराधी हो सकते है इनकी सूचना तुरंत, साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराए या पुलिस को सूचना दे।

# आजीवन सहयोग निधि को लेकर जिला भाजपा की बैठक संपन्न

**मंदसौर, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त जी शर्मा एंव प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी शर्मा के नेतृत्व में भाजपा के सभी जिला में संगठनात्मक कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में आज भाजपा जिला कार्यालय मंदसौर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने जिला पदाधिकारी गण, मोर्चा व प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एंव जिला संयोजक गण, भाजपा मंडल अध्यक्ष एंव महामंत्री गण की आवश्यक बैठक ली। बैठक के प्रारंभ में डॉ.श्यामा प्रसाद जी मुखर्जी एंव पं.दीनदयाल जी उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। मंचासिन भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, पूर्व जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया ,प्रदेश कार्य. सदस्य अनिल कियावत, मुकेश काला, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, उपाध्यक्ष मनुप्रिया यादव, मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, मछुआरा प्रकोष्ठप्रदेश संयोजक बाबुलाल चौहान मंचासिन थे।



बैठक को मार्गदर्शित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बैठक को संबोधित करने हुवें कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश भाजपा की मंशानुरूप अपने-अपने मंडल में आजीवन सहयोग निधि एकत्रित पर लक्ष्य पूर्ति करना है। आजीवन सहयोग निधि हेतु प्रदेश भाजपा की सहमति से भाजपा जिला मंदसौर में आजीवन सहयोग निधि प्रभारी टोली का गठन किया गया। जिसमें जिला टोली में संयोजक नरेन्द्र पाटीदार, सह संयोजक नरेश चंदवानी, अर्जुन सोनी, रंजीतसिंह चौहान, पुलकित पटवा को बनाया गया। श्री दीक्षित ने कहा कि मेरा आप सभी जिम्मेदार पदाधिकारी एंव कार्यकर्ताओं से आग्रह है की आप सभी अपनी-अपनी संगठनात्मक जिम्मेदारी का निर्वहन हमेशा की तरह करते रहे। समस्त मंडल अध्यक्ष जिला प्रभारी टोली के सम्पर्क में रहते हुए समर्पण निधि समय पर पूर्ण कर रसीद कट्टे जिला भाजपा कार्यालय पर जमा करावें। अटल जन्मशताब्दी वर्ष जिला एवं मंडल टोली का किया गठन किया। जिसमें जिला संयोजक शिवराजसिंह राणा, सह संयोजक अजय तिवारी, जगदीश परमार, दिनेश सौलंकी। व अटल स्मृति संकलन अभियान में अटल जी के साथ कार्य कर चुके अनुभवि व्यक्तियों से सामाग्री सकंलन करते समय उनके सम्मान का कार्यक्रम हो। गत वर्ष की भांति हमें बूथ सशक्तिकरण हेतु विशेष अभियान समस्त मंडलो के सभी बूथों पर चलाना है। इसमें प्रत्येक मंडल पर इस अभियान हेतु तीन-तीन कार्यकर्ताओं की टोली बनाई जायेगी। बैठक को संबोधित करने हुवें पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया ने कहा कि जिला स्तर पर एक बडा कार्यक्रम अटल बिहारी वाजपेयी जन्मशताब्दी वर्ष पर आयोजित किया जाए जिसमें पूरे जिले से कार्यकर्ता को आमंत्रित कर अटल जी के जीवन पर प्रकाश डाला जाए।

बैठक को संबोधित करते हुवें पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा कि हमे समय पर आजीवन सहयोग निधि का कार्य पूर्ण कर रशीद कट्टे जिला कार्यालय पर जमा करवाना है। बैठक का संचालन भाजपा जिला महामंत्री गणपत सिंह आंजना ने किया एंव आभार भाजपा जिला मंत्री नरेन्द्र पाटीदार ने माना। बैठक में भाजपा जिला पदाधिकारीगण प्रियंका गोस्वामी, शिवराजसिंह राणा, राजेश सेठिया, राजेश पालीवाल, राजेश नामदेव, राजु चावला, अजय तिवारी, सुनिता पालीवाल, कृष्णपाल सिंह शक्तावत, अंकित सोनी, राहुल मुजावदिया, विनय धनगर, मोर्चा जिलाध्यक्षगण अशोक सूर्यवंशी, निर्मला गुप्ता, रणजीतसिंह चौहान, विक्रमसिंह महुआ, मंडल अध्यक्ष गण गोकुलसिंह, उमेश पाटीदार, सीताराम चारण, महेन्द्र पहाड्यिा, नीलकमल मेहता, दिलीपसिंह तरनोद, जितेन्द्र बामनिया, जुझारसिंह गुर्जर, धनसुख पाटीदार, महेन्द्र गौड, राजेश धाकड, भेरुलाल सेन, राकेश गोयल, आशीष विजयवर्गीय, गोपाल पाटीदार, नेपालसिंह, अरविन्द सारस्वत, विनोद डगवार उपस्थित थे।उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।



## देवनारायण जन्मोत्सव शोभा यात्रा का किया कांग्रेस जन ने स्वागत

**मंदसौर, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** भगवान देवनारायण जन्मोत्सव के उपलक्ष पर गुर्जर समाज का चल समारोह नगर में निकला जिसका स्वागत गांधी चौराहा पर सभी कांग्रेस जन ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक विपिन जैन ने चल समारोह में चल रहे रथ में विराजमान भगवान देवनारायण की तस्वीर पर पुष्पमाला व पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर श्री जैन ने सभी गुर्जर समाज के लोगों को देवनारायण जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष व विधायक श्री विपिन जैन, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनजीत सिंह टुटेजा,जिला कांग्रेस पदाधिकारी में सर्वश्री कांतिलाल राठौर, शंभूलाल चौहान,आसिफ छिपा, लक्ष्मण मेघनानी, राजनारायण लाड,सुनील बसेर, सुदर्शन सिंह शक्तावत, कैलाश पाटोला,कैलाश मनवानी,जितेंद्र सोपरा,राजेश फरक्या ,ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विकास दशोरा , सेवादल जिला अध्यक्ष दिलीप देवड़ा,ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष घनश्याम कुमावत,मंडलम अध्यक्ष में सर्वश्री दशरथ सिंह राठौड ,रमेश ब्रिजवानी ,अजय सोनी, साथ ही इस अवसर पर अमित छाबड़ा,रामप्रसाद वर्मा,श्याम साल्वी, शुभम जैन,शैलेंद्र मारोठिया,राकेश सेन,राजेश चौधरी,कमल नकुम,शैलेश माली,गगन माली,आदि इस अवसर पर उपस्थित थे।

# सहकारिता कार्यालय एवं सहकारी संस्थाओं में स्वच्छता कार्यक्रम 13 को

**मंदसौर, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग के निर्देश पर अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अवसर पर सहकारिता के महत्व के प्रति लोगों को जागरूकता लाने के लिये विभाग के तहत सभी स्तर के विभागीय कार्यालय, सहकारी संस्थाओं में 13 फरवरी को 'स्वभव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता' अभियान के तहत स्वच्छता दिवस कार्यक्रम मनाया जायेगा। इस संबंध में आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाऐं ने परिपत्र जारी किया है।

सभी शीर्ष संस्थाओं के प्रबंध संचालक, संभाग/जिला के संयुक्त/उप/सहायक आयुक्त सहकारिता और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के नाम जारी परिपत्र में कहा गया है कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभाग एवं संस्थाओं में कार्यालयीन नस्तियों को व्यवस्थित करना, पुराने रिकार्ड के बस्तों में संदर्भ अंकित होना, कार्यालय में इंडेक्स रजिस्टर का संधारण जिसकी मदद से पूर्ण परिसमापन, वैधानिक कार्यवाही, स्थापना आदि के विगत 10 वर्षों के विवरण तत्काल ज्ञात किये जा सकें, जैसे काम हों। साथ ही शौचालयों की सफाई एवं कार्यालयीन कक्षों में रोशनी एवं साज-सज्ञा की जायें। विभाग एवं संस्थाओं के अधिकारी - कर्मचारी जिला कार्यालय में एकत्रित हों। उसके बाद अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पर विशेष साफ-सफाई आयोजन के बैनर के साथ एक रैली निर्धारित स्थल जिला सहकारी बैंक, अन्य सार्वजनिक स्थल अथवा किसी संस्था कार्यालय तक सहकारिता एवं स्वच्छता विषयक नारे लगाते हुये निकाली जायें। इस आयोजन के बाद कार्यालय/संस्थावार फोटोग्राफ्स की प्रति वाहटएप पर तथा हार्टकॉपी मुख्यालय को अनिवार्य रूप से भेजने के निर्देश दिये हैं।

## सभी पात्र मेघावी विद्यार्थियों को जल्द ही मिलेंगे लैपटॉप-मुख्यमंत्री

**मंदसौर, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार ने प्रदेश के सभी पात्र मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी देने का निर्णय लिया है। शासकीय विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा में टॉप करने वाले बच्चों को उनकी पसंद के अनुसार इलेक्ट्रिक या पेट्रोल वाली स्कूटी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि टेंडर निकालकर स्कूटी दी जाएगी, यह पूर्णत: निराधार है। जो पात्र हैं उन्हें स्कूटी अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही हमारी सरकार पात्र मेधावी विद्यार्थियों को भी जल्द ही लैपटॉप भी वितरित करेगी। उन्होंने कहा है कि मेधावी छात्र-छात्राएं स्कूटी और लैपटॉप मिलने के बाद अपना भविष्य बनाने और उच्च शिक्षा पाने के लिए और अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। उन्होंने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर शुभकामनाएं दीं।



## जिला उपभोक्ता आयोग मंदसौर ने ट्रैक्टर चोरी होने पर बीमा कंपनी के विरुद्ध दिया महत्वपूर्ण फैसला..!

**मंदसौर, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** शेख ताहेर अली बोहरा, निवासी सुवासरा का एस्कॉर्ट ट्रैक्टर चोरी होने पर बीमा कंपनी के द्वारा यह कहते हुए क्लेम देने से इंकार कर दिया कि बीमा कंपनी को ट्रैक्टर चोरी की सूचना समय पर नहीं दी ओर रात्रि में ट्रैक्टर को सुरक्षित स्थान पर खड़ा नहीं किया गए था, आदि कई कारण बताते हुए बीमा पॉलिसी की शर्तो का उल्लंघन मानते हुए बीमा राशि देने से इन्कार कर दिया था। बीमा कंपनी के उक्त निर्णय से असंतुष्ट होने पर शेख ताहिर अली, सुवासरा के द्वारा अपने अधिवक्ता पंकज कुमार वेद, मंदसौर के माध्यम से जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग, मंदसौर के समक्ष बीमा कंपनी से बीमा राशि दिलाने, शारीरिक एवम मानसिक त्रास परिवाद व्यय दिलाने हेतु दावा प्रस्तुत किया।

उपभोक्ता आयोग, मंदसौर के द्वारा परिवादी के अधिवक्ता पंकज कुमार वेद के तर्कों से सहमत होकर व बीमा कंपनी के बचाव तर्क को अमान्य करते हुए, परिवादी ट्रैक्टर मालिक शेख ताहिर अली के पक्ष मे आई सी आई सी आई जनरल इंश्योरेंस कंपनी के विरुद्ध आदेश पारित करते हुए, परिवादी को बीमा कंपनी द्वारा ट्रैक्टर की कीमत रूपये 4,99,000 रूपये, शारीरिक और मानसिक त्रास के मद में 20,000 रूपये और दावा दायरी व्यय रुपए 5,000 कुल 5,24,000.00 रुपए पर दिनांक 17.10.2022 से अदायगी दिनांक तक 6% ब्याज सहित राशि एक माह में भुगतान करने का आदेश दिया गया। उक्त जानकारी पंकज कुमार वेद, अधिवक्ता, के द्वारा दी गई।

# बोर्ड परीक्षाओं के सुचारू संपादन के लिए नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण संपन्न

**नीमच, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले में इस माह आगामी दिनों में प्रारंभ होने वाली मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वी एवं 12वी कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के सुव्यवस्थित संपादन, संचालन के लिये नीमच जिले में 41-41 परीक्षा केन्द्र स्थापित किये गये है। जिले में स्थापित इन परीक्षा केन्द्रों पर कलेक्टर द्वारा कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किए गए हैं, जो संपूर्ण परीक्षा गतिविधियों पर नजर रखेंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशानुसार शनिवार को जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णेव एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री सुजानमल मां?गरिया की उपस्थिति में जिले में नियुक्त सभी कलेक्टर प्रतिनिधियों का बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित किया गया।



इस प्रशिक्षण में जिला पंचायत सीईओ श्री वैष्णडव ने कलेक्टर प्रतिनिधियों को बोर्ड परीक्षा में प्रश्न पत्र एवं उत्तर पत्रिकाओं की गोपनीयता बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में बताया गया, कि परीक्षा केंद्र पर बोर्ड द्वारा मोबाइल प्रतिबंधित किया गया है। प्रशिक्षण में पुलिस थाने से प्रश्न पत्र के बॉक्स प्राप्त करने, बक्सों को परीक्षा केंद्र पर ले जाने, परीक्षा केंद्रों पर बक्से खोलने की प्रक्रिया, परीक्षा कक्षों में प्रश्न पत्र के बंडल खोलने, प्रश्न पत्र वितरण एवं अनुपस्थित विद्यार्थियों के प्रश्न पत्रों को सील बंद लिफाफे में रखने आदि के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मंडल द्वारा नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रदान किया गया। जिला पंचायत सीईओ श्री वैष्णव ने सभी कलेक्टर प्रतिनिधियों को बोर्ड परीक्षाओं का पुरी गोपनीयता पारदर्शिता के साथ सुचारू रूप से सुव्यवस्थित संपादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सख्त निर्देश दिए,कि परीक्षा कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं कोताही बर्दाश्त नहीं की जावेगी। अत: सभी परीक्षा कार्य को पूरी गंभीरता से ले और मंडल के निर्देशों का अक्षरश: पालन करते हुए, जिले में सफलतापूर्वक सुव्यवस्थित तरीके से परीक्षा कार्य संपादित करवाए।

### उजागरिया में तालाब से पकड़ा मगरमच्छ

**पिपलियामंडी, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** वन विभाग ने गांव उजागरिया में तालाब से करीब 7 फिट लम्बा मगरमच्छ पकड़ा। तालाब में मगर होने पर ग्रामीणों की सूचना पर शनिवार को दोपहर वन विभाग के पुष्कर मालवीय, सुनील जैन, जितेन्द्रसिंह पंवार, जतिन, कादर आदि पहुंचे, करीब 2 घंटे तक चले रेस्क्यू के बाद मगर को पकड लिया। बताया गया मगर 7 फिट का होकर 60 किलो वजनी था, जिसे पकड़कर चम्बल नदी में छोड़ा।

### बोर्ड परीक्षाओं के केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों का द्वितीय रेंडमाईजेशन संपन्न

**नीमच, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिले में इस माह आगामी दिनों में प्रारंभ होने वाली मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वी एवं 12वी कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के सुव्यमवस्थित संपादन, संचालन के लिये नीमच जिले में 41-41 परीक्षा केन्द्र स्थासपित किये गये है। जिले में स्था पित इन परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त् होने वाले रिजर्व सहित कुल 100 केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्रारध्यक्षों का माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देशानुसार पारदर्शिता के उद‌देश्य से शनिवार को जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री सुजानमल मांगरिया की उपस्थिति में द्वितीय रेंडमाईजेशन एनआईसी कक्ष नीमच में किया गया।

### जल जीवन मिशन परियोजना के अन्तर्गत प्रचार रथ के माध्यम से दी जानकारी

**पिपलियामंडी, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जल जीवन मिशन परियोजना के अन्तर्गत, ग्राम बालाहेडा ढाणी, ग्राम पंचायत, पिपलिया रायसिंह में प्रचार रथ के माध्यम से ग्रामवासियों, जागरूक किया। ग्रामसभा का भी आयोजन किया, जिसमें उपस्थित सभी ग्रामवासियों को जल जीवन मिशन के बारे में विस्तृत जानकारियां। गांधीसागर ग्रामीण जलप्रपात योजना के अंतर्गत जल जीवन मिशन परियोजना से पाइपलाइन द्वारा आने वाले शुद्ध फिल्टर वाले पानी के बारे में सभी ग्राम वासियों को बताया। इस अवसर पर हीरालाल रेबारी, प्रहलाद, विनोद, तंवरलाल के साथ ही परियोजना समन्वयक राजकुमार, फैजान, रानू कुंवर उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण का सर्वे, पात्र परिवार 31 मार्च तक जुड़वा सकते हैं नाम

## आवास प्लस 2.0 ऐप से होगा सर्वे, हितग्राही स्वयं भी कर सकते हैं आवेदन

**मंदसौर, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के द्वितीय चरण के लिए सर्वे प्रारंभ हो गया है। इसमें पात्र परिवारों के नाम 31 मार्च तक स्थाई प्रतीक्षा सूची में जोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। योजना अंतर्गत केन्द्रीय मंत्री-मण्डल ने योजना को आगामी पांच वर्ष के लिये वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक की मंजूरी दी है। इस संबंध ने ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने आवास प्लस की सूची को अद्यतन करने के लिए आवास प्लस सर्वे 2024 प्रारंभ किया है।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सर्वे जिले में ग्राम पंचायत में नियुक्त किये गये सर्वेयर सचिव/रोजगार सहायक द्वारा किया जायेगा। सर्वे कार्य आवास प्लस एप-2024 से किया जाएगा। इसमें हितग्राही स्वयं के मोबाईल से भी आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए मोबाइल एप्लीकेशन आवास प्लस 2.0 ग्रामीण विकास मंत्रालय एन.आई.सी द्वारा निर्मित किया गया है। इस ऐप की लिंक आवास सॉफ्ट पोर्टल (https://pmayg.nic.in/infoapp.html) पर भी उपलब्ध है। सर्वे के लिए समस्त जिले/जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर के अधिकारियों एवं नामांकित सर्वेयर को प्रशिक्षण गया है। सर्वे 31 मार्च 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा एक अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) प्रारंभ की गई। जिसके अंतर्गत सभी पात्र बेघर परिवारों और कच्चे तथा जीर्ण-शीर्ण मकानों में रह रहे परिवारों को बुनियादी सुविधा युक्त पक्का आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

### कृषक पंजीयन 31 मार्च तक करें

**मंदसौर, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया किरबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहू उपार्जन हेतु कृषक पंजीयन 20 जनवरी 2025 से 31 मार्च 2025 तक करा सकते है। जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहू उपार्जन हेतु जिले में 77 पात्र संस्थाओं को पंजीयन केन्द्रो निर्धारण किया गया है। रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूं का समर्थन मूल्य रूपये 2425/- निर्धारित किया गया है।कृषको से अनुरोध है कि समय-सीमा में अपने नजदीकी पंजीयन केन्द्र पर जाकर नि:शुल्क पंजीयन फार्म प्राप्त कर अपना पंजीयन करावे। कृषको की सुविधा हेतु अधिकृत एमपी ऑनलाईन, कांमन सर्विस सेंटर पर सशुल्क तथा अपने मोबाईल पर किसान एप पर भी अपना पंजीयन करा सकते है।

## दाता की महिला सरपंच द्वारा पांच सौ रूपये के स्टॉम्प पर अनुबंध कर...

# अपने दायित्व अन्य व्यक्ति को सौंपने की जांच प्रारंभ

## सीईओ ने मांगी उपपंजीयक से अनुबंध संबंधी जानकारी, गवाहों को कथन देने सूचना पत्र जारी

**नीमच, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव द्वारा दाता की महिला सरपंच द्वारा पांच सौ रूपये के स्टॉम्प पर अनुबंध कर सरपंच का दायित्व अन्य व्यक्ति को सौंपने का मामला संज्ञान में आने पर उपपंजीयक मनासा से अनुबंध संपादित करने संबंधी जानकारी मांगी है। अपर कलेक्टर विकास एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने पत्र जारी कर लिखा है कि, उनके कार्यालय को एक अनुबंध की छायाप्रति प्राप्ति हुई है जिसमें ग्राम पंचायत दाता की सरपंच श्रीमति कैलाशी बाई पति जगदीश कछावा द्वारा श्री सुरेश पिता मांगीलाल गरासिया से एक अनुबंध किया गया है इस अनुबंध को रजिस्टर्ड करवाया गया है।

अपर कलेक्टर विकास एवं जिला पंचायत सीईओ श्री वैष्ण्व ने उपपंजीयक से जानकारी चाही है कि, अनुबंध करते समय क्या संबंधित पक्ष समक्ष में उपस्थित हुये थे? स्टॉम्प किसके द्वारा खरीदा गया, उसकी पहचान आधार कार्ड आदि की जानकारी प्रस्तुत करें। साथ ही, अनुबंध रजिस्टर्ड करवाते समय जो भी दस्तावेज, आधारकार्ड, पहचान पत्र, आदि की प्रति तथा अनुबंध रजिस्टर्ड करवाते समय संबंधितों के फोटोग्राफ आदि लिये गये हो तो वे भी उपलब्ध करवाने के लिये उपपंजीयक मनासा को पत्र लिखा है। उक्त् समस्त जानकारी प्रकरण मे नियत पेशी 10 फरवरी 2025 को प्रात: 11 बजे के पूर्व अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश उपपंजीयक मनासा को दिये है। इसके अलावा जिला पंचायत सीईओ ने अनुबंध पत्र में बतौर गवाह हस्ताक्षर करने वाले ग्राम दाता निवासी श्री सदाराम एवं श्री भन्नालाल को भी जनपद सीईओ मनासा के माध्यम से सूचना पत्र जारी कर उन्हे प्रकरण में अपने कथन देने हेतु 10 फरवरी 2025 को दोपहर 3 बजे समक्ष में उपस्थित होने के लिये सूचित किया है।

# अवैध देशी कट्टा रखने वाले को एक वर्ष का सश्रम कारावास

**नीमच, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमति पुष्पा तिलगांम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच के द्वारा अवैध देशी कट्टा अपने कब्जे में रखने वाले आरोपी इरफान उर्फ भूरा पिता शौकत हुसैन, उम्र- 24 वर्ष, निवासी जाकिर गली, मस्जिद के पास, बघाना, जिला नीमच को धारा 25 आयुध अधिनियम, 1959 के अंतर्गत एक वर्ष के सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।



प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री पारस मित्तल द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 08 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 05.03.2017 को शाम के लगभग 07 बजे राज पैलेस होटल के पास, बघाना, जिला नीमच की हैं। थाना बघाना में पदस्थ एएसआई हरेसिंह सौलंकी हमराह फौर्स के साथ कस्बा भ्रमण करते हुवे बघाना चौकी पँहुचे जहाँ पर उन्हें मुखबीर सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति राज पैलेस होटल के पास देशी कट्टा लिये हुवे खडा हैं। मुखबीर सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुवे उनके द्वारा आरोपी की पेंट की कमर में से एक देशी कट्टा दो जिंदा कारतूसों सहित जप्त कर व उसको गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध थाना बघाना में अपराध पंजीबद्ध किया गया। एसआई निलेश सौलंकी द्वारा आवश्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग-पत्र नीमच न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान आरोपी इरफान को अवैध देशी कट्टा व जिंदा कारतूस बेचने वाले आरोपी फोरिया उर्फ रामरतन मीणा के फरार हो जाने से इस आरोपी के संबंध में विचारण उपरांत निर्णय पारित किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय में जप्तीकर्ता अधिकारी, विवेचक, पंचसाक्षी व फौर्स के सदस्यों सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री पारस मित्तल, एडीपीओ द्वारा की गई।

# सास के साथ मारपीट करने वाले जमाई को तीन माह का सश्रम कारावास

**रामपुरा, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमान् सक्षम नरूला, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, कैंप रामपुरा, जिला नीमच के द्वारा सास के साथ मारपीट कर घायल करने वाले जमाई आरोपी भारतसिंह पिता भंवरलाल भील, उम्र-40 वर्ष, निवासी-ग्राम भागल, तहसील-रामपुरा, जिला-नीमच (मध्यप्रदेश) को धारा 323 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03 माह के सश्रम कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री रमेश नावडे द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि घटना लगभग 12 वर्ष पूर्व की होकर दिनांक 07.07.2013 को दिन के लगभग 02:30 बजे ग्राम भागल स्थित आरोपी के मकान के पास की हैं। फरियादीया रामकन्याबाई की पुत्री चंदाबाई का विवाह आरोपी के साथ हुवा था। आरोपी और उसकी पुत्री चंदाबाई का विवाद हो गया था, जिस कारण से वह उसके मायके खेतपिपलीया आ गई थी। घटना दिनांक को फरियादीया उसकी पुत्री को वापस छोड़ने के लिये ग्राम भागल आई थी, तो आरोपी ने फरियादीया के साथ विवाद करते हुवे उसके साथ मारपीट की जिससे फरियादी के सिर पर चोटे आई थी, तब चंदाबाई ने बीच-बचाव किया था। फरियादीया की रिपोर्ट पर से आरोपी के विरूद्ध थाना रामपुरा में अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा आवश्यक विवेचना के उपरांत अभियोग-पत्र रामपुरा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान अभियोजन की ओर से न्यायालय में फरियादीया, उसकी पुत्री सहित सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री रमेश नावडे, एडीपीओ द्वारा की गई।



# रैली निकालकर महिला सुरक्षा जन-जागरूकता का दिया संदेश

**निडर युवा सेवा संस्था द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर आपातकालीन नम्बरों का पोस्टर सभी ग्राम पंचायत एवं पुलिस थाना, चौकी में लगाकर आमजन को किया जायेगा जागरूक**

**मंदसौर, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** महिला सुरक्षा जन जागरूकता अभियान रैली का आयोजन निडर युवा सेवा संस्था और श्रीजी नर्सिंग कॉलेज के द्वारा किया गया। रैली में महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा को लेकर महिला संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन का संदेश दिया किया गया। इस अवसर पर निडर युवा सेवा संस्था के अध्यक्ष शहजाद हुसैन ने कहा कि महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान संस्था द्वारा लगातार चलाया जाएगा और आपातकालीन सेवाएं हेल्पलाइन नंबर मंदसौर जिले के सभी ब्लॉक की ग्राम पंचायतों और क्षेत्र के थाना व चौकी में लगाए जाएंगे। महिला थाना प्रभारी रानी बैग ने महिला संरक्षण और साइबर क्राइम से भी बचाव और महिला सुरक्षा कानून के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए मध्यप्रदेश पुलिस सदैव महिलाओं की सहायता के लिए तत्पर है।

इस अवसर पर निडर युवा सेवा संस्था के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद यूनुस मंसूरी ने कहा कि बाल विवाह और बाल श्रम पर अंकुश लगाने के लिए संस्था निरंतर प्रयास कर रही है। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष उमराव सिंह जैन ने कहा कि बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और बाल श्रम और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को खत्म करने के लिए हम और हमारे सहयोगी संस्थाएं लगातार प्रयास कर रही हैं। इस रैली में महिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उमराव सिंह जैन, सदस्य रजनी चौहान, विकास चौधरी, प्रियदर्शन सामाजिक संस्था के दिनेश सोलंकी, महेश दुबे, महिला थाना प्रभारी रानी बैग, एवं निडर युवा सेवा संस्था टीम सहित श्रीजी नर्सिंग कॉलेज मंदसौर से स्टाफ अध्यापक धर्मेंद्र सिंह, विजय सिंह दरबार, भक्ति परमार, सुरभि राठौर, दीपक धाकड़, भरत सोनी, रौशनी बिलोदिया, सुनील मीणा, विष्णु धाकड एवं छात्र-छात्राएंअन्य सामाजिक संगठन के सदस्य उपस्थित थे।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी 27 वर्ष बाद आई सत्ता में...

# दिल्ली का शीशमहल ढहा, झूठ के शासन का अंत

**मंदसौर, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** दिल्ली विधानसभा के चुनाव परिणाम की आज हुई घोषणा में बीजेपी 27 वर्षों बाद सत्ता में लौटी है। 70 सीटों की विधानसभा में बीजेपी ने 47 सीटों पर कब्जा किया है जबकि आम आदमी पार्टी मात्र 23 सीटों पर सिमट कर रह गई है।इस चुनाव में आप, कांग्रेस और बीजेपी ने मुफ्त की कई योजनाओं की घोषणाएं की दिया और मतदाताओं को पसंद आई बीजेपी की घोषणाएं।देश की राजनीति में यह गहन मंथन का विषय है कि देश की कांग्रेस जैसी पुरानी राजनीतिक पार्टी का एक भी उम्मीदवार इस चुनाव में जीत नहीं पाया। कांग्रेस का चिंतन क्या सामने आता हे सबकी निगाहे उस और रहती हे तो कोई आश्चर्य नहीं होगा।



महावीर अग्रवाल

दिल्ली में अन्ना हजारे के आंदोलन के प्रमुख रहे उनमें से एक श्री अरविंद केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी बनाकर दिल्ली की राजनीति में कदम रखा। उन्होंने कई प्रकार के आदर्शों पर्र चलने की घोषणा की ।उनकी घोषणा से लोग खुश थे। ये आदर्श बने रहते तो शायद देश की राजनीति में एक चमत्कार का उदय होता पर काश ऐसा होता। दिल्ली विधानसभा के चुनाव में मुफ्त बिजली, पानी की घोषणा से आप ने राज किया। पिछले चुनाव में 70 में से 62 सीटे जीत कर एक रेकॉर्ड कायम किया। चुनाव में भी केजरीवाल को किसी आरोप प्रत्यारोप का सामना नहीं करना पड़ा। इस वर्ष 2025 में दिल्ली विधानसभा के हुए चुनाव में आम आदमी पार्टी के अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार सहित अनेक आरोपों से घिरे रहे।उनकी आदर्श राजनीति को लोग चिराग लेकर ढूंढते रहने की कहने लगे।उनके मुफ्त बिजली, पानी के अलावा केजरीवाल का कहना था कि उन्होंने अंतरास्ट्रीय स्तर के स्कूल व मोहल्ला क्लिनिक के विकास के कामों को भी किया हे लेकिन दिल्ली की जनता ने इन सब को नकार दिया। चुनाव जीतने के बाद बीजेपी के नेताओं का कहना हे कि दिल्ली की जनता ने दिल्ली के शीश महल को ढहा दिया,झूठ के शासन का अंत हुआ। यमुना गंदी,सड़के टूटी,वायु प्रदूषण हर गली मोहल्ले में शराब की दुकान, भ्रष्टाचार जैसे कई आरोपों का सामना करना पड़ा और नतीजतन दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल की आप पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ा। यहां तक कि आप पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने एक टीवी चैनल पर कहा कि द्रोपदी का चीर हरण हुआ था अब न्याय की उम्मीद हुई है।

अरविंद केजरीवाल को पिछले चुनाव में मिले झोली भर बहुमत के साथ आदर्श कायम रहते तो देश की राजनीति में कौनसा नया सूर्योदय होता यह वक्त बताता हालांकि बिजली और पानी मुफ्त कि योजना से कोई दिल्ली सरकार कंगाल तो नहीं हो गई लेकिन अन्य राजनीतिक दलों को और इसे लेकर उनकी नीति को जरूर हिला कर रख दिया हे। अब यह तो स्पष्टहो गया हे कि अब तक चुनाव नेताओं की झोली भरने तक सीमित न रहे अब उन्हें हर चुनाव में जनता के लिए भी मुफ्त की योजनाओं की घोषणाए करना पड रही है। 27 वर्षों बाद दिल्ली की सत्ता तक पहुंची बीजेपी के नेताओं का कहना हे कि वे दिल्ली को एक आदर्श राजधानी बनाएंगे।यमुना का प्रदूषण दूर करने आदि कई प्रकार की बातें भी कही हे लेकिन होता क्या है यह समय पर पता चलेगा।लेकिन बिजली,पानी मुफ्त की योजना का क्या होगा। इस और दिल्ली की जनता की निगाहे रहती है तो क्या गलत है।

# डा. आर्य को पीएचडी की उपाधि से विभूषित किया

**मंदसौर, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. जे.एस. दुबे ने बताया कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में आयोजित 8वें दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर में सेवारत संस्कृत के सहायक प्राध्यापक एवं एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार आर्य को पी.एच-डी. की उपाधि प्रदान की गई। समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में अल्ट्रा इंटरनेशनल लिमिटेड के संस्थापक व सीईओ श्री संत कुमार सांगेरिया, भारत के पूर्व राजदूत (एम्बेसडर) श्री कंवल सिब्बल, विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. डॉ. शांतिश्री धुलीपुड़ी पंडित और जेएनयू के चांसलर सहित अन्य गणमान्य महानुभावों की गरिमामय उपस्थिति में इसरो के पूर्व चेयरमैन श्रीधर पणिकर सोमनाथ जी के कर-कमलों से डॉ. अनिल कुमार आर्य पाटीदार को पी.एच-डी. की उपाधि प्रदान की गई।



डॉ. अनिल कुमार आर्य ने बताया कि शोधनिर्देशक जे.एन.यू. के स्कूल ऑफ संस्कृत एंडइंडिकस्टडीज केप्रो. डॉ. हरिराम मिश्र की निर्देशन में उन्होंने पी.एच-डी. शोध प्रबंध में महाभारत काल के विभिन्न पात्रों के नामकरणों के विभिन्न आधारों का व्याकरणशास्त्रीय, धर्मशास्त्रीय, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक व मनोवैज्ञानिक विश्लेषण पर कार्य किया। इस अवसर पर डॉ. आर्य ने कहा कि परमपिता परमेश्वर की असीम अनुकंपा, माता-पिता व गुरुजनों के आशीर्वाद से आज उनकी 8 वर्षों की तपस्या सफल हुई। उनके लिए यह एक गौरवपूर्ण क्षण है। डॉ. आर्य की इस गौरवमयी उपलब्धि पर स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी, प्राचार्य डॉ. जे.एस. दुबे, विभागाध्यक्ष-संस्कृत डॉ. के.आर. सूर्यवंशी समेत महाविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं एन.एस.एस. स्वयंसेवकों द्वारा बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ, निकली कलश यात्रा



**मंदसौर, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** श्री जांगिड़ ब्राह्मण सुतार चंद्रपुरा ट्रस्ट के तत्वावधान में श्री चारभुजा नाथ मंदिर परिसर में शिव परिवार एवं गरूड भगवान की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का तीन दिवसीय आयोजन का शुभारंभ 8 फरवरी, शनिवार हुआ। जिसके तहत शनिवार को एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। भगवान पशुपतिनाथ मंदिर से शिव परिवार श्री चारभुजा नाथ मंदिर पर प्रथम बार चढ़ाऐ जा रहे हैं कलश एवं ध्वज दंड की शोभायात्रा निकाली गई। यज्ञाचार्य पं विष्णु शर्मा के सानिध्य में यह कलश यात्रा निकाली गई। जिसका स्वागत मंदसौर विधायक विपिन जैन, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला ने भगवान की पूजा अर्चना कर किया।

इस तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन का समापन श्री विश्वकर्मा जयंति के अवसर पर 10 फरवरी, सोमवार को किया जायेंगा। इस अवसर पर आयोजित धर्मसभा एवं समाज का सम्मेलन भी आयोजित किया गया जिसमें समाज के वरिष्ठजनों ने उपस्थित होकर समाज को एक सूत्र में बांधकर विकास करने का संकल्प लिया। श्री जांगिड़ ब्राह्मण सुतार पंचायत चंद्रपुरा ट्रस्ट के तत्वावधान संचालित श्री चारभुजा नाथ मंदिर के लिए चल रहे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से प्रेरित होकर मंदिर के प्रवेश मुख्य द्वार से जुडी जमीन दान स्वरूप श्री जांगिड़ ब्राह्मण सुथार पंचायत को देने की घोषणा उनकी इस घोषणा पर समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में शिव भक्त श्री बलदेव सिकरवार जिसके लिए समाज द्वारा श्री बलदेव सिंह सिकरवार एवं उनकी धर्मपत्नी सीमा सिकरवार का सम्मान पत्र देक शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समाज में उल्लेखनीय सहयोग देने वाले क्षेत्रीय पार्षद संगीता शैलेन्द्र गिरी गोस्वामी, पार्षद दीपक गाजवा, समाज को उल्लेखनीय दान देने वाले श्रीमती मांगीबाई हंसवार, नंदनकिशोर राजेश शर्मा का भी शॉल श्री फल से सम्मान किया गया।

इस कार्यक्रम का श्री जांगिड ब्राह्मण सुतार पंचायत चंद्रपुरा के अध्यक्ष अशोक झलौया, श्री अंगीराऋषि शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष अर्जुन झलौया, अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपप्रधान श्री शिव शर्मा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री सत्यनारायण शर्मा, जिलाध्यक्ष सुधीर शर्मा, डॉ श्याम तिवारी, महिला संगठन की सह सचिव श्रीमती वीणा तिवारी ने संबोधित करते हुए समाज को सहयोग देने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का संचालन महिला मंडल की उपाध्यक्ष श्रीमती शीतल झलौया एडवोकेट, उपाध्यक्ष श्रीमती मोनिका झलौया, सह सचिव वीणा तिवारी ने किया। आभार अंगीराऋषि शिक्षण संस्थान के सचिव शरद तिवारी ने माना। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की। तीन दिवसीय आयोजन के अंतर्गत विभिन्न आयोजन भी हो रहे है।

# राज्य स्तरीय युवा उत्सव में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की



**मंदसौर, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर के प्रभारी प्राचार्य डॉ. जे.एस. दुबे ने बताया कि युवा उत्सव 2024 -25 के अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं 'युवान' का आयोजन दिनांक 3, 4 व 5 फरवरी को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर में हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के विद्यार्थियों ने चार विधाओं समूह गान (पाश्चात्य), एकल गान( पाश्चात्य), एकल गान (सुगम) तथा एकल वादन (नानपरकुशन) में सहभागिता कर स्थान प्राप्त किया। विक्रम विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य स्तर पर समूह गान (पाश्चात्य) में राधिका बैरागी, यतेंद्र भाटी, अभिनव चौहान, गीतांश जैन, कृष्णकांत जैन व रीतिका शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा एकल गान (सुगम) में यतेंद्र भाटी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय एवं मंदसौर जिले को गौरवान्वित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री नरेश जी चंदवानी ने विद्यार्थियों को बधाई दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे एस. दुबे ने विद्यार्थियों के अथक परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि राज्य स्तर पर स्थान बनाना निश्चित रूप से महाविद्यालय की उपलब्धि है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों एवं युवा उत्सव की समिति को बधाई देते हुए उनके उज्वल की कामना की।

# अफीम फसल यौवन पर, 15 दिनों में होगी लूणी चीरनी शुरू

**पिपलियामंडी, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** काला सोना के नाम से मशहूर अफीम फसल पूरे यौवन पर है, खेतों में अफीम फसल पर सफेद फूलों की चादर बिछी हुई है। किसानों लूनी, चिरनी का इंतजार है। संभावना है किसान 15 से 20 दिनों में अफीम की लूनी, चिरनी शुरु कर देंगे। बादरी के किसान दशरथ शर्मा ने बताया पर्यावरण ने साथ दिया तो पैदावार अच्छी रहेगी, लेकिन वर्तमान में सफेद, काली मस्सी सहित खाखरिया रोग से अफीम फसल प्रभावित हो रही है। जिसके कारण हो सकता हे कि पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव पडे। इन रोगों से बचाव के लिए किसान कीटनाशक का उपयोग कर रहे है, जिन्हें कृषि दवाई विक्रेता मनमाने दामों पर बेच रहे है, जिस पर संबंधित विभाग का कोई नियंत्रण नहीं है। नकली दवाइयों की भी संभावना बनी हुई है। कृषि विभाग को ऐसे नकली दवाई विक्रेताओं की जांच कर कार्यवाही करना चाहिए, जिससे किसानों को दोहरी मार न पड़े। कृषि दवाई विक्रेताओं द्वारा न तो पक्का बिल दिया जाता हैं, क्योंकि अधिकतर किसानों के पास उपज बेचने के बाद ही पैसा हाथ में आता हैं। दवाइयां उधार मिलने के कारण एक तरफ से वे नकली भी दी जा रही है, साथ ही मोटी रकम भी किसानों से वसूली जा रही हे।

## अफीम तस्कर को तीन साल का... पेज 1 से जारी

पास काले रंग की अपाचे मोटर सायकल है। जिसका नंबर आरजे-35 एसए 2320 है। मुखबीर सूचना विश्वसनीय होने से टीम को भेजकर तत्काल 500 क्वार्टर रोड आदित्य पब्लिक स्कूल के सामने नाकेबंदी की। करीब 35-40 मिनट बाद मुखबीर द्वारा बताए हुलिए का व्यक्ति मोटर सायकल लेकर हाइवे तरफ से स्कूल के पास आकर रोड पर रूक गया। उसकी मोटर सायकल का नंबर मुखबीर द्वारा बताए अनुसार था। उसका नाम पता पूछने पर मोटर सायकल चालक ने अपना नाम आसिफ पठान बताया था। इसके पश्चात निरीक्षक डीव्हीएस नागर द्वारा आरोपी को मुखबीर सूचना से अवगत कराकर निरीक्षक श्री नागर द्वारा आरोपी आसिफ खान की तलाशी ली गयी तो आरोपी की पेंट की दाहिनी जेब से एक काले रंग की पोलीथीन की पोटली मिली थी, जिसमें कुछ भरा था। जिसे खोलकर देखने पर उसके अंदर भूरे मटमैले रंग का बारीक पावडर जैसा पदार्थ भरा मिला था। आरोपी के कब्जे से बरामद पदार्थ की निरीक्षक नागर एवं फोर्स तथा पंचान द्वारा देखकर, सूंघकर तथा माचिस की तीली से जलाकर परीक्षण किया गया, तो तीखी गंध कड़वा धुंआ व अनुभव के आधार पर सभी ने उक्त पदार्थ को अफीम निर्मित स्मैक पावडर बताया था।

उक्त मादक पदार्थ परिवहन के संबंध में आरोपी से पूछे जाने पर कोई वैध लाईसेंस न होना बताया। इसके पश्चात आरोपी से बरामद स्मैक की इलेक्ट्रिानिक तौल कांटे पर तौल किया गया तो उसका वजन मय पोलीथीन 40 ग्राम होना पाया गया। आरोपी आसिफ खान को मौके पर ही गिरफ्तार कर गिरफ्तारी पंचनामा तैयार किया गया। आरोपी के विरूद्ध पुलिस थाना नारकोटिक्स सेल इंदौर एफआईआर दर्ज कर प्रकरण विवेचना मे लिया गया। अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष अभियोजन द्वारा रखे गये तथ्यों एवं तर्कों र्से सहमत होकर न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का संचालन विशेष लोक अभियोजक श्री दीपक जमरा द्वारा किया गया।

# गंगा नहाये तो क्या हुआ पाप दिल का धोया नही, ऐसा नही करना चाहिए -पं.शास्त्री

**महाकुम्भ प्रयागराज के उपलक्ष मे भागवतभूषणाचार्य पं. शास्त्री के मुखारविंद से तृतीय दिवस की कथा का समापन**

**मंदसौर, 08 फरवरी गुरु एक्सप्रेस।** महाकुम्भ प्रयागराज 2025 महापर्व के उपलक्ष में मंदसौर के पद्मावती रिसोर्ट के सामने स्थित विश्व मंगल बालाजी इंदिरा कॉलोनी मे ज्ञान गंगा रूपी श्रीमद् भागवत कथा भागवत विचार संस्थान के द्वारा आयोजित की जा रही है। जिसके तहत द्वितीय दिवस की कथा मे पं. शास्त्री ने प्रसंगवंश के अनुसार कहा कि बालक ध्रुव जो भगवान को ढूंढने निकला तो पंडित शास्त्री ने भजन कीर्तन किये। ' भगवान को मिलना सहज नहीं,बड़ा कष्टउठाना पड़ता है'इस कथा मे बैठी सैकडो महिलाएं इस भजन पर थिरक उठी।पंडित शास्त्री द्वारा बताया गया यात्रा करने निकले हैं तो थोडा कष्ट देखना पड़ेगा। उदाहरण के तौर पर कहा कि अगर ज़ब मंदसौर से बस चली है तो महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के बाद ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग होते हुए विराम भी करेंगी। इस कई दिवसीय यात्रा मे कभी-कभी रात्रि की 11:00 भी बज जायेगे तब धर्मशाला ना मिले तब जैसी तैसी सब्जी-पूड़ी भी खाना पडता है।गंगासागर की यात्रा जहाज से होती। कथानुसार छोटा सा बालक ध्रुव यात्रा करने निकल गया इसलिए आपको जीवन मे तीर्थ यात्रा तो करना ही चाहिए।बालक ध्रुव ॐ नमो भगवते का जब जप कर रहा था तब भगवान स्वयं प्रकट हुये तब भी बालक ध्रुव अपनी भक्ति मे लीन था भगवान ने सोचा यह बालक आंखें क्यों नहीं खोल रहा है। उदाहरण के तौर पर पंडित शास्त्री ने कहा भगवान को जो अर्पण किया वही पूजा के माध्यम से पुजारी शंकर के द्वारा जल के माध्यम से तेरा तुझको अर्पण कर देता है। इस शरीर को ईश्वर चल रहा है।कथा अनुसार भगवान के दर्शन के बाद भगवान का वरदान लेकर ध्रुव बालक के स्वागत में पूरी सेना आ गई।उदाहरणके तौर पर पंडित शास्त्री द्वारा कहा गया कि गंगा नहाए तो क्या हुआ पाप दिल का धोया नहीं ऐसा नहीं होना चाहिए। एक बड़ा भाई लाल बत्ती में घूमता है तो दूसरे भाई को पूजता नहीं है कथा अनुसार बालक ध्रुव ने कहा कि मैं मेरे भाई के बगैर हाथी पर नहीं बैठूंगा।अत: भाई-भाई का प्रेम होना चाहिए। छोटा- बड़ा कुछ नहीं माने यात्रा करके आए तो सबके साथ सामान व्यवहार करें। सुखदेव जी के सामने राजा परीक्षित बैठे और कह रहे थे महाराज आगे की कथा सुनाएं। इस कथा मे भगवान के क्षिर सागर के मंथन का वर्णन किया।जिसमें भगवान श्री कृष्ण के क्रोधित दुर्वासा मुनि थे।बताया कि भगवान इंद्र हाथी पर बैठकर आ रहे थे तब माला हाथी के सर पर रख दी।तब माला हाथी ने कुचल दी। जिससे दुर्वासा मुनि देखकर क्रोधित हो गए थे। तब दुर्वासा मुनि ने इंद्र भगवान को श्राप दे दिया तब से देवताओं की शक्तियां खत्म हो गई थी। तब सभी देवता ब्रह्मा जी के पास पहुंचे तब ब्रह्मा जी ने कहा असुरों के उपर काल की कृपा है।जब तक अच्छा समय नहीं आता तब तक तुम सभी देवता और दानवों से संधि कर लो। उदाहरण के तौर पर पंडित शास्त्री ने कहा गरज पडे तो गधे को भी बाप बनाना पड़ता है। ब्रह्मा जी ने कहा अमृत का फल पहले देवताओं को मिलेगा। बस समुद्र मंथन के समय क्रोध न करना। देवताओं ने दानवो से कहा कि समुद्र मंथन में जो भी वस्तु निकलेगी,आपस में बांट लेंगे। समुद्र मंथन में सबसे पहले हलाहल विष निकला।तब सभी देवता कैलाश पर्वत भोलेनाथ के पास पहुंचे। भगवान शंकर के विष पीते ही भगवान का कंठ नीला हो गया।तब नीलकंठ महादेव कहलाये।उसके पश्चात् समुद्र मंथन में कामधेनु गाय, उच्चदीय घोड़ा,एरावत हाथी, कल्परक्षक,रम्भा सहित कई अप्सराये, चंद्रमा, महालक्ष्मी,वरुण देवी निकली। उसके उपरांत धन्वंतरि भगवान के प्रकट होते ही सभी देवता दर्शन में लग गए और अमृत कलश देत्य ले गए। अमृत कलश को देत्यो ने उज्जैन सहित चार स्थानों पर रखा। आगे बताया गया कि राहु और केतु नाम के दो दैत्य ने अमृत का पान किया।इसलिए यह धरती पर पूजे जा रहे।अंत में इंद्रा कॉलोनी मे हो रही कथा के माध्यम से ही पंडित श्री कृष्ण वल्लभ शास्त्री द्वारा इस कथा में अधिक से अधिक संख्या में पधारने का अनुरोध किया गया।



**✻ शवयात्रा ✻**

अत्यंत दुख के साथ सूचित किया जाता हैं कि स्व. श्री रमनलाल जी जायसवाल के जेष्ठपुत्र एवं रवि, निर्मल एवं राजू जायसवाल के बड़े भाई साहब सुबोध के पूज्य पिताजी एवं अर्पित, सावन एवं मानव,सागर के बड़े पापा भगवत नगर विकास एवं सेवा समिति के संरक्षक श्री शिवप्रकाशजी जायसवाल का आकस्मिक निधन हो गया जिनकी अंतिम यात्रा दिनांक 09 -02-25 को प्रात: 11.30 बजे निवास स्थान भागवत नगर नर्सिंग घाट अखाड़े के पास से शव वाहन से निकलेगी।



✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
जायसवाल परिवार, मंदसौर

**कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मंदसौर (मप्र)**

क्रमांक-क्यू मंदसौर, दिनांक .....

**विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वाहन क्रमांक एमपी 14 जेडई 5089 जो कि परिवहन कार्यालय में रामबिलास मालवीय पिता भेरुलाल मालवीय निवासी वार्डक्रं.07, बेलाला, तह. मल्हारगढ़, जिला मंदसौर के नाम से पंजीकृत है।

यह सूचित किया जाता है कि वाहन स्वामी की मृत्यु हो चुकी है इसलिए उक्त वाहन का अंतरण अपने नाम से करने हेतु उनकी पत्नी श्रीमती निर्मलाबाई मालवीय पति रामबिलाश मालवीय निवासी वार्ड क्रं.07 बेलाला, तहसील मल्हारगढ़, जिला मंदसौर ने इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है। इस संबंध में जिस व्यक्ति को आपत्ति हो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के सात दिवस के अंदर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। अंतरण आवेदक के नाम पर कर दिया जावेगा।

**अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मंदसौर**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in